ब्राह्मण दीक्षा प्रश्न पत्र - Laxmi Narasimha Das (ISKCON Temple E.O.K New Delhi)

परम पूज्य गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज द्वारा द्वितीय दीक्षा के लिए सैद्धान्तिक परीक्षा -

आप ज्यादा-से-ज्यादा प्रश्नों के उत्तर देने की कोशिश कीजिए। गुरु महाराज समझते हैं कि आपने अभी भक्तिशास्त्री कोर्स नहीं किया है।

अ) भौतिक प्रकृति के बारे में:-

(1-अ) प्रकृति के तीन गुणों की सामान्य विधि से व्याख्या कीजिये। तीन विभिन्न गुणों में पाये जाने वाले लक्षणों का विशेष रूप से वर्णन कीजिए।

उत्तर – भगवान श्रीकृष्ण भगवद्गीता 14.5 में कहते हैं कि भौतिक प्रकृति तीन गुणों से युक्त है-

- सत्वगुण
- रजोगुण
- तमोगुण
- ये गुण जीवात्मा को बांधते हैं।
- भौतिक सृष्टि में प्रत्येक वस्तु इन तीन गुणों से प्रभावित होती है।
- ये गुण सर्व्यापी हैं।

गुण का एक अर्थ 'रस्सी' भी होता है।

इस प्रकार ये तीनों गुण बद्ध जीवात्मा को इस भैतिक जगत में बांधने वाली रस्सी या कड़ी है।

सत्वगुण सोने की कड़ी है।

रजोगुण चाँदी की कड़ी है।

तमोगुण लोहे की कड़ी है।

यदि कोई क़ैदी जेल में बंद है, तो क्या इससे अन्तर पड़ता है कि वह सोने,चाँदी या लोहे की कड़ी से बंधा है? कुछ भी हो,क़ैदी तो क़ैदी ही होता है।

भगवद्गीता (14.6/9) में इस बंधन के स्वभाव का वर्णन किया गया है।

तीनों गुणों के लक्षण –

	सत्वगुण	रजोगुण	तमोगुण
सामान्य लक्षण	पवित्रता,सुख,ज्ञान	असीमित इच्छाएँ,कठोर श्रम,लोभ,सांसारिक सुख	मूर्खता,निद्रा,आलस्य,नशा, अस्वच्छता

परिणाम	पापफ़लों से मुक्ति	सांसारिक कार्यों एवं दुःखों का बंधन	पागलपन,मूर्खता
अगला जन्म	स्वर्ग	पृथ्वी पर सांसारिक लोगों के बीच	पशु योनि और नारकीय लोकों में

(2-अ) क्या जीव नियंत्रित है या आजाद है या वह दोनों का संयोग हैं? समझाइये कि बद्ध जीवात्मा के भौतिक जीवन में स्वतन्त्र इच्छा तथा भाग्य एक साथ किस प्रकार घटित होते हैं।

उत्तर - भगवद्गीता के श्लोक (3.27) में श्रीकृष्ण कहते हैं, "प्रकृति के गुणों के प्रभाव से भ्रमित आत्मा स्वयं को क्रियाओं का कर्ता मानती है, जबकि वास्तव में ये क्रियाएं प्रकृति के तीन गुणों (सत्व, रज, और तम) द्वारा की जाती हैं।"

दूसरे शब्दों में, यद्यपि व्यक्ति सोच सकता है कि वह विकल्प चुन रहा है, परंतु वास्तव में वे "विकल्प" चुने हुए होते हैं और वह "स्वतंत्रता" एक भ्रम है। हम अपने पिछले कर्मों के परिणामों से बंधे होते हैं (भगवद गीता 18.61: "ब्रह्मयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढ़ानि माययां")। साथ ही, हम भगवान के अंश भी हैं। हालांकि भगवान स्वतंत्र रूप से सब कुछ कर सकते हैं, हम, भगवान का अंश होते हुए, सूक्ष्म स्वतंत्रता रखते हैं; लेकिन यदि हम अपनी स्वतंत्रता का दुरुपयोग करते हैं, तो हम दंडनीय हो जाते हैं। वास्तविक स्वतंत्रता और जीव की स्वतंत्रता तभी आती है जब वह इस भौतिक शरीर की जंजीरों से मुक्त हो जाता है और अपनी शाश्वत स्थिति को पुनः प्राप्त करता है, अर्थात भगवान के शाश्वत सेवक के रूप में। चैतन्य चरितामृत 20.108 में कहा गया है: "जीवेर स्वरूप हय कृष्णेर नित्य दास" – प्रत्येक जीवात्मा शाश्वत रूप से भगवान का सेवक है।

(3-अ) कर्म क्या है? विकर्म तथा अकर्म क्या हैं?

उत्तर – भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण तीन प्रकार के कर्मों का वर्णन करते हैं-



कर्म –

- सामान्यतया कर्म शब्द का अर्थ है "कोई भी कार्य"
- परन्तु कर्म शब्द का विशिष्ट अर्थ है पुण्यकार्य।

- पुण्य उन कार्यों को कहते हैं,जिनका वर्णन एवं संस्तुति श्रीभगवान ने शास्त्रों में की है।इन कार्यों को करने से व्यक्ति को बदलें में भौतिक लाभ प्राप्त होतें हैं।
- दूसरे शब्दों में, इन कार्यों के अच्छे फल व्यक्ति इसी अथवा अगले जीवन में भोगता हैं।
- पुण्य कर्मों के उदाहरण हैं, जैसे ग़रीबों को दान देना,अंधों की सहायता करना,निःशुल्क दवाइयाँ बाँटना,कुँए खुदवाना,वृक्ष लगवाना,भूखे को भोजन खिलाना इत्यादि।
- इन पुण्य कार्यों को करने से व्यक्ति भावी जीवन में सुख,सम्पत्ति,सौंदर्य,उच्च कुल में जन्म,स्वास्थ्य और यहाँ तक कि स्वर्ग में भी शरीर प्राप्त कर सकता है।

विकर्म –

- विकर्म का अर्थ है पाप अथवा निषिद्ध कार्य। ये कार्य शास्त्रविरुद्ध होते हैं,और सभ्य मानव-समाज के लिए श्रीभगवान द्वारा दिये गये नियमों का खण्डन करते है। सामान्यतया अज्ञानता के कारण व्यक्ति पाप करता है और फलतः उसे इस जीवन में अथवा अगले जीवन में दुःख भोगना पड़ता है।
- उदाहरण – चोरी,हत्या,नशा, मांसाहार आदि पापकर्म हैं।
- पाप करने से व्यक्ति दुःखी,निर्धनता,रोग,निम्न जन्म,कुरूप शरीर इत्यादि प्राप्त करता है।

अकर्म –

‘अकर्म’ का अर्थ है, ऐसे कर्म जो कर्म के नियमों से परे हैं। किंतु इसका अर्थ निष्क्रिय होना नहीं है।

- अकर्म वो आध्यात्मिक कार्य है, जो श्री भगवान की प्रसन्नता हेतु किए जाते हैं।
- चूँकि इन कार्यों में कोई स्वार्थपूर्ण भावना नहीं होती,इसलिए वे कर्ता को कर्मबंधन में नहीं बांधते।
- दूसरे शब्दों में अकर्म का कोई भौतिक परिणाम नहीं होता।
- उदाहरणार्थ, श्रीभगवान के नामों का कीर्त्तन,उनकी पूजा करना, उनकी सेवा करना तथा भक्ति के अन्य कार्य।
- अकर्म द्वारा व्यक्ति भगवद्भक्ति,सांसारिक कार्यों से विरक्ति एवं पवित्रता विकसित करके आध्यात्मिक आनन्द प्राप्त करता है।
- अकर्म व्यक्ति को जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त करके भगवद्धाम ले जाता है।
- गीता (3.9)

(4-अ) 8 भौतिक तत्त्व क्या हैं?

उत्तर –

1. पृथ्वी
2. जल
3. अग्नि
4. वायु
5. आकाश
6. मन
7. बुद्धि

8. अहंकार

(5-अ) पाँच ज्ञानेन्द्रियों, उनके विषय तथा 5 कर्मेन्द्रियों का वर्णन कीजिये।

उत्तर – पाँच ज्ञानेद्रियाँ और उनके विषय इस प्रकार है:

1. नेत्र(आँखें) – दृष्टि (देखना)
2. श्रवण (कान)- श्रवण (सुनना)
3. घ्राण (नाक) – गंध (सूंघना)
4. रसना (जीभ) – स्वाद (चखना)
5. स्पर्श (त्वचा) – स्पर्श (महसूस करना)

पाँच कर्मेन्द्रियाँ –

1. हाथ (हस्त) – ग्रहण करना
2. पैर (पाद) – चलना
3. मुँह (वाक्) – बोलना
4. गुदा (पायू) – मल त्याग करना
5. जननेन्द्रिय (उपस्थ) – यौन गतिविधियाँ और मूत्र त्याग करना।

(6-अ) मन, बुद्धि तथा अंहकार के क्या कार्य' हैं?

उत्तर –

- मन – संकल्प, विकल्प तथा कामनाओं की उत्पत्ति करना।
- बुद्धि की वृत्ति – संशय, विपर्यय (विपरीत ज्ञान),निश्चय,स्मृति, निद्रा।
- अहंकार – मिथ्या अभिमान जिसके फलस्वरूप आत्मा भ्रमवश अपने को भौतिक शरीर मानने लगता है।
- अहंकार 2 दो प्रकार का होता है –
    1. स्थूल अहंकार – मैं पुरुष हूँ, मैं गृहस्थ हूँ, मैं युवा हूँ।
    2. सूक्ष्म अहंकार – मैं करता हूँ, मैं भोक्ता हूँ, मैं सुखी हूँ, मैं दुःखी हूँ।

(7-अ) विभिन्न लोकों तथा आवरणों के रूप में ब्रह्माण्ड की मूल संरचना का वर्णन कीजिये। इन लोकों में पृथ्वी किस प्रकार स्थित है?

उत्तर – हमारा ब्रह्मांड अत्यंत विशाल है और अण्डे के आकार का है। इसलिए इसे 'ब्रह्माण्ड' कहा जाता है।

आध्यात्मिक जगत में भगवान श्रीकृष्ण अपने कुछ रूपों की एक श्रृंखला में अपना विस्तार करने के बाद महाविष्णु का अद्भुत विशाल रूप धारण करते हैं।

- महाविष्णु चिन्मय आकाश के एक कोने में स्थित कारण सागर में शयन करते हैं।
- श्वास छोड़ते समय उनके रोमछिद्रों से असंख्य ब्रह्माण्ड प्रकट होते हैं। इससे हम अनुमान ही लगा सकते हैं कि महाविष्णु कितने विशाल है।

- ये ब्रह्माण्ड बड़े होकर बाहर बड़े होने लगते हैं और करण सागर में छोटे बुलबुलों के समान दिखाई देते हैं।
- सृजन की प्रक्रिया प्रत्येक ब्रह्माण्ड में होती है और प्रत्येक ब्रह्माण्ड की अवधि महाविष्णु की श्वाश तक ही सीमित होती है।
- ब्रह्माण्ड के ऊपर सात तत्त्वों से बनी सात परतें होती हैं और प्रत्येक परत अपने से निचली परत से दस गुना अधिक मोटी होती है।
- इस 'अण्डे' के भीतर 14 लोक होते हैं। हमारे लोक को भूलोक कहा जाता है और यह अन्य लोकों के बीच में स्थित है।
- भूलोक के ऊपर 6 लोक हैं- भुवर्लोक, स्वर्गलोक,महर्लोक, जनलोक,तपलोक तथा सर्वोच्च लोक सत्यलोक। प्रत्येक लोक में अनेकानेक ग्रह होते हैं और इन सबमें विभिन्न प्रकार के प्राणी रहते हैं।
- भूलोक के नीचे सात सात निम्न लोक हैं- अतल,वितल,सुतल,तलातल,महातल,रसातल तथा पाताल।
- इन समस्त 14 लोकों में जन्म और मृत्यु है।

(8-अ) जीवन की विभिन्न योनियों का वर्णन कीजिये। ये क्या हैं और कितनी हैं? मनुष्य योनि से नीचे की योनियों में जीवात्मा किस प्रकार यात्रा करता है?

उत्तर - पद्म पुराण के अनुसार भौतिक जगत में ८४ लाख योनियाँ हैं :

जलजा नवलक्षाणि स्थावरा लक्षविंशतिः।
कृमयो रुद्रसंख्या: पक्षिणां दश लक्षाणम्।
तिर्यंश्चत्वारिंशत् पशव: चतुलक्षाणि मानुषा:।।
(पद्म पुराण)

योनियाँ	
जलचर	९ लाख योनियाँ
पेड़-पौधे	२० लाख योनियाँ
कीट-पतंगे, रेंगने वाले जन्तु	११ लाख योनियाँ
पक्षी	१० लाख योनियाँ
पशु	३० लाख योनियाँ
मनुष्य	४ लाख योनियाँ
कुल	८४ लाख योनियाँ

ये योनियाँ विभिन्न स्तर की चेतना पर आधारित हैं।

- यहाँ तक कि मनुष्यों में भी चार लाख योनियाँ हैं (चेतना के स्तर पर आधारित)।

(9-अ) मृत्यु के समय मनुष्य किस प्रकार अपना शरीर बदलता है?

उत्तर - भगवद गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को समझाते हैं कि आत्मा अजर-अमर है और यह शरीर को उसी प्रकार बदलती है जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर नए वस्त्र धारण करता है।
भगवद गीता के अध्याय 2, श्लोक 22 में कहा गया है:
वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णानि
अन्यानि संयाति नवानि देही।। 2.22।।
अर्थात, "जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर नए वस्त्र धारण करता है, वैसे ही आत्मा पुराने और जीर्ण-शीर्ण शरीरों को छोड़कर नए शरीर धारण करती है।"

- आत्मा की यह यात्रा कर्म और पुनर्जन्म के सिद्धांतों पर आधारित है। आत्मा अपने पिछले कर्मों के अनुसार नया शरीर धारण करती है, जो उसे अगले जीवन के लिए प्रदान किया जाता है। इस प्रक्रिया को 'पुनर्जन्म' कहते हैं।
- मृत्यु के समय, यदि व्यक्ति ने अपने जीवन में कृष्ण भक्ति और धर्म के मार्ग का अनुसरण किया है, तो उसे परमात्मा के निकट जाने और मोक्ष प्राप्त करने का अवसर मिलता है। अन्यथा, आत्मा संसार में जन्म-मृत्यु के चक्र में फंसी रहती है।

(10-अ) कर्म समझाइये। कर्म का नियम किस प्रकार जीवात्मा को प्रभावित करता है?

उत्तर - कर्म एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ है 'कार्य' या 'कर्म'।कर्म के नियम के अनुसार जीवात्मा द्वारा की गई प्रत्येक क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है। यह सूक्ष्म नियम प्रत्येक जीवात्मा पर लागू हो उन्हें नियंत्रित करता है।

- कर्म के नियम कारण एवं प्रभाव अथवा क्रिया- प्रतिक्रिया के नियम हैं। अर्थात् हमारे प्रत्येक कार्य का कोई न कोई प्रभाव (फल) अवश्य होता है और हमारे साथ जो भी हो रहा है,उसका भूतकाल में अवश्य कोई कारण होगा।
- इस प्रकार हम समझ सकते हैं कि हमारे वर्तमान सुख -दुःख हमारे पूर्वकर्मों के फल हैं और हमारे वर्तमान कार्य हमारे भावी सुख -दुःख का निर्माण करेंगे।
- व्यक्ति कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो, इन नियमों से कोई बच नहीं सकता। और यह कहकर भी कोई इनसे बच नहीं सकता कि उसे नियमों की जानकारी नहीं थी।
- कर्म का नियम कहता है कि व्यक्ति के अच्छे या बुरे कार्य उसके वर्तमान और भविष्य के जीवन को प्रभावित करते हैं।

तीन प्रकार के कर्म-

- सञ्चित कर्म- यह वह कर्म है जो हमारे पिछले जन्मों के कार्यों का संचित फल है।
- प्रारब्ध कर्म- यह वह कर्म है जिसका फल हमें इस जीवन में भोगना पड़ता है।
- क्रियमाण कर्म- यह वह कर्म है जो हम वर्तमान में कर रहे हैं और जिसका फल हमें भविष्य में मिलेगा।

जीवात्मा पर प्रभाव-

- अच्छे कर्म- यदि व्यक्ति धर्म, सत्य और परोपकार के कार्य करता है, तो उसे अच्छे परिणाम मिलते हैं जैसे सुख, शांति और समृद्धि।
- बुरे कर्म- यदि व्यक्ति अधर्म, झूठ और स्वार्थ के कार्य करता है, तो उसे बुरे परिणाम मिलते हैं जैसे दुःख, अशांति और विपत्तियाँ।

मूल सिद्वांत यही है कि कर्म का नियम व्यक्ति को उसके अच्छे और बुरे कार्यों के फल भुगतने के लिए बाध्य करता है। लेकिन भगवान कृष्ण की भक्ति से ही व्यक्ति इस बंधन से मुक्त होकर परम गति को प्राप्त कर सकता है।

(11-अ) जब व्यक्ति पुण्य और पाप कर्म करता है तो उसके क्या परिणाम होते हैं? पुण्य और पाप कर्मों के तथा उनके परिणामों के कुछ उदाहरण दीजिये।

उत्तर - पुण्य कर्म उदाहरण और उनके परिणाम -

- पुण्य कर्मों के उदाहरण हैं, जैसे ग़रीबों को दान देना,अंधों की सहायता करना,निःशुल्क दवाइयाँ बाँटना,कुँए खुदवाना,वृक्ष लगवाना,भूखे को भोजन खिलाना इत्यादि।
- इन पुण्य कार्यों को करने से व्यक्ति भावी जीवन में सुख,सम्पत्ति,सौंदर्य,उच्च कुल में जन्म,स्वास्थ्य और यहाँ तक कि स्वर्ग में भी शरीर प्राप्त कर सकता है।

पाप कर्म के उदाहरण और उनके परिणाम –

- उदाहरण – चोरी,हत्या,नशा, मांसाहार आदि पापकर्म हैं।
- पाप करने से व्यक्ति दुःखी,निर्धनता,रोग,निम्न जन्म,कुरूप शरीर इत्यादि प्राप्त करता है।

(12-अ) देवता क्या हैं, समझाइये। किन्ही पाँच देवताओं के नाम, गुण तथा कार्यों के बारे में बतलाइये।

उत्तर –

- देवतागण ब्रह्माण्ड के सृजन, पालन तथा संहार कार्यों को करने के लिए नियुक्त किये गए अधिकारियों के समान हैं। वे मन्त्रियों के समान होते हैं, जो विशेष मन्त्रालय का कार्यभार सँभालते हैं। वे तब तक उस पद पर बने रहते हैं, जब तक प्रधानमंत्री (श्रीकृष्ण) का विश्वास उन्हें प्राप्त होता रहता है। इस प्रकार कुल ३३ कोटि देवता हैं।
- प्रत्येक ब्रह्माण्ड में देवताओं का अलग समूह कार्य करता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो सृष्टि में लाखों ब्रह्मा, इन्द्र, सूर्य आदि देवता हैं। वे श्रीभगवान् के निर्देशानुसार अपने निर्दिष्ट कर्तव्यों का पालन करते हैं।

पाँच देवताओं के नाम और उनके कार्य –

1. ब्रह्मा – ब्रह्मांड का सृजन
2. शिव - ब्रह्मांड का संहार
3. इन्द्र – देवताओं के राजा तथा वर्षा के देवता
4. वरुण -समुद्र,नदियों,सरोवरों आदि समस्त जलाशयों के देवता।
5. सूर्य- प्रकाश एवं ऊष्मा प्रदान करने वाले।

- ये देवता स्वर्गलोकों में निवास करते हैं और दीर्घकाल तक स्वर्गीय सुखों का भोग करते हैं। शास्त्रों के अनुसार ब्रह्माजी के 100 वर्ष पृथ्वी के 311 ख़रब चार अरब वर्षों के समान हैं।
- देवतागण श्रीभगवान के भक्त हैं और ब्रह्मांड में श्रीभगवान के प्रतिनिधि हैं। श्रीभगवान सदैव देवताओं के प्रति दयालु रहते हैं और जब भी असुर,देवताओं को तंग करते हैं श्रीभगवान देवताओं की रक्षा हेतु अवतरित होते हैं।

(13-अ) वर्णाश्रम क्या है? प्रत्येक वर्ण और आश्रम के क्या कर्तव्य हैं? आपको अपनी इसमें स्वाभविक स्थिति क्या लगती है? और क्यों? हरेक वर्ण का सही आश्रम क्या है? आपको आश्रम में अपनी कौन-सी-स्थिति सही लगती है?

उत्तर – वर्णाश्रम धर्म का अर्थ है चार वर्णों (सामाजिक व्यवस्था) और चार आश्रमों (जीवन के चरणों) के अनुसार कर्तव्यों का पालन करना। आध्यात्मिक व्यवस्था ब्रह्मचारी (विद्यार्थी जीवन), गृहस्थ (गृहस्थ जीवन), वानप्रस्थ (सेवानिवृत्त जीवन), और संन्यास (संन्यास) से मिलकर बनती है। सामाजिक व्यवस्था में ब्राह्मण (पुरोहित और विद्वान), क्षत्रिय (योद्धा), वैश्य (व्यापारी और कृषक), और शूद्र (श्रमिक) शामिल हैं।

इस व्यवस्था में नियम इतने अच्छे तरीके से बनाए गए हैं कि भले ही किसी व्यक्ति में भौतिक जीवन का आनंद लेने की प्रवृत्ति हो, उसे धीरे-धीरे मोक्ष और अंततः भगवान की ओर मार्गदर्शित किया जाता है। प्रत्येक वर्ण की अपनी विशेष जिम्मेदारियाँ होती हैं। उदाहरण के लिए, ब्राह्मणों के लिए पूर्ण अहिंसा आवश्यक है, जिसमें पशु बलि से परहेज शामिल है, लेकिन यह क्षत्रियों के लिए नहीं है, जिनका कर्तव्य समाज की रक्षा करना है, जिसमें कभी-कभी हिंसा का सहारा लेना पड़ता है। इसी प्रकार, गृहस्थों के लिए धन कमाना और संतान उत्पन्न करना आवश्यक है, जबकि संन्यासियों को धन और महिलाओं से दूर रहकर आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त करनी चाहिए।

इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के आधार पर आध्यात्मिक जीवन में उन्नति करना है। प्रत्येक वर्ण समाज में योगदान करता है: ब्राह्मण आध्यात्मिक दृष्टि और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, क्षत्रिय समाज की रक्षा करते हैं, वैश्य भौतिक पोषण का जिम्मा उठाते हैं, और शूद्र अन्य सभी वर्गों का समर्थन करते हैं।

जीवन के चार आश्रम (चरण) इस प्रकार हैं:

1. ब्रह्मचारी: विद्यार्थी जीवन, जहाँ व्यक्ति ब्रह्मचर्य का पालन करता है, गुरु के आश्रम में रहता है, और कड़े अनुशासन का पालन करता है। शिक्षा पूरी होने के बाद, व्यक्ति विवाह कर गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर सकता है या जीवन भर ब्रह्मचारी रह सकता है।
2. गृहस्थ: गृहस्थ जीवन, जहाँ व्यक्ति पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाता है।
3. वानप्रस्थ: 50 वर्ष की आयु के बाद, व्यक्ति को सेवानिवृत्त होकर अपने सबसे बड़े बेटे को जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए और घर से दूर रहकर आध्यात्मिक जीवन की ओर बढ़ना चाहिए।
4. संन्यास: संन्यासी जीवन, जो पूरी तरह से भक्ति और आध्यात्मिक साधना पर केंद्रित होता है।

(14-अ) ब्रह्माजी के जीवन काल के अनुसार काल की वैदिक विचार धारा के विषय में कुछ बतलाइये। हम किस तरह से ब्रह्मा का एक दिन अपने समय के हिसाब से बतायेगें? युगों को और उनकी अवधि को समझाइये और प्रत्येक युग में उस आध्यात्मिक विधि का वर्णन कीजिये जो उस युग के लिये है।?

उत्तर – ब्रह्मा जी जीवन अवधि –

एक पूरा दिन	= 864 करोड़ वर्ष
ब्रह्मा जी का एक वर्ष	= 864 x 360 करोड़ वर्ष
ब्रह्मा जी की जीवन अवधि	= 864 x 360 x 100 वर्ष
	= 31104000 करोड़ वर्ष = 3110 खरब 40 अरब वर्ष

युगों की अवधि –

कलियुग	= 4.32 लाख वर्ष
द्वापरयुग	= 8.64 लाख वर्ष (कलियुग का दो गुना)
त्रेतायुग	= 12.96 लाख वर्ष (कलियुग का तीन गुना)
सत्ययुग	= 17.28 लाख वर्ष (कलियुग का चार गुना)
चतुर्युग अथवा दिव्ययुग	= 43.20 लाख वर्ष (कलियुग का दस गुना)

प्रत्येक युग में आध्यात्मिक विधि –

कृते यद्ध्यायतो विष्णुं त्रेतायां यजतो मखेः।
द्वापरे परिचर्यायां कलौ तद्धरिकीर्तनात्॥

अनुवाद : "सत्ययुग में जो परिणाम भगवान् श्रीविष्णु पर ध्यान करने से प्राप्त होते थे, त्रेतायुग में यज्ञ सम्पन्न करने से होते थे तथा द्वापरयुग में श्रीभगवान् के चरणकमलों की सेवा से प्राप्त होते थे, कलियुग में वही परिणाम केवल हरे कृष्ण महामन्त्र के कीर्तन से प्राप्त हो जाते हैं।"

(श्रीमद्भागवतम् 12.3.52)

कलियुग	संकीर्तन
द्वापरयुग	अर्चाविग्रहों की सेवा
त्रेतायुग	यज्ञ
सत्ययुग	ध्यान

(15-अ) कलियुग के विशेष लक्षण क्या हैं? कलियुग नामका व्यक्ति कौन है और श्रीमद्भागवतम् उसके विषय में क्या बताती है? कलियुग के क्या गुण तथा दोष हैं?

उत्तर - कलियुग को कलह (झगड़ा) और दंभ (पाखंड) का युग कहा गया है। इस युग में धोखाधड़ी, झूठ, आलस्य, निद्रा, हिंसा, अवसाद, शोक, भ्रम, भय और गरीबी का प्राधान्य होता है। यह अज्ञान का युग है, और कालीयुग के दुष्प्रभावों के कारण मनुष्य छोटी सोच वाला, दुर्भाग्यशाली, कामुक और

गरीब हो जाता है। स्त्रियाँ अविवेकपूर्ण होकर एक पुरुष से दूसरे पुरुष के पास भटकने लगती हैं। जैसे-जैसे कलियुग आगे बढ़ता है, मनुष्यों की सभी अच्छी आदतें घटती जाती हैं और अशुद्ध आदतें बढ़ती जाती हैं। वेदों के नियमों को छोड़कर नास्तिक धर्म के सिद्धांत हावी हो जाते हैं। राजा लुटेरों के समान हो जाते हैं, लोग निम्न कार्यों में लिप्त हो जाते हैं, और सभी सामाजिक वर्ग शूद्रों के समान हो जाते हैं। गायें बकरियों की तरह हो जाती हैं, सभी आध्यात्मिक आश्रम भौतिक घरों के समान हो जाते हैं, और पारिवारिक संबंध केवल विवाह तक ही सीमित रह जाते हैं।

कलि के व्यक्तित्व को जब महाराज परीक्षित के सामने प्रस्तुत किया गया, तो उन्होंने तुरंत ही उसे अपने राज्य में प्रवेश नहीं करने दिया। लेकिन बहुत अनुरोध के बाद, उसे उन जगहों पर रहने की अनुमति दी गई जहाँ जुआ, मांसाहार, अवैध संबंध और नशा हो रहा हो। उसे सोने के स्थान पर भी आराम करने की अनुमति दी गई।

श्रीमद्भागवतम में वर्णन है कि जब कलियुग का अंत निकट होगा, तो परमेश्वर स्वयं कल्कि अवतार के रूप में अवतरित होंगे। वे शंभल नामक गाँव में एक महान ब्राह्मण विष्णुयशा के घर में जन्म लेंगे और कल्कि नाम धारण करेंगे। वे अपने घोड़े देवदत्त पर सवार होकर, तलवार लेकर पृथ्वी पर विचरण करेंगे और राजा के रूप में छुपे हुए लुटेरों का संहार करेंगे।

भगवान चैतन्य महाप्रभु को युगावतार कहा जाता है, जो कलियुग के लिए सुनहरे अवतार हैं और संकीर्तन आंदोलन के संस्थापक हैं। श्रील भक्तिविनोद ठाकुर अपने वैष्णव गीत "उदिलो अरुणा पूरबा भागे" में लिखते हैं: "द्विज मणि गौरा अमानी जागे, भक्त समूह लइया साथे, गेका नगरा ब्रजे।" इसका अर्थ है कि जब पूरब में सूर्योदय हुआ, तो द्विजों के रत्न, गौरसुंदर ने जागकर अपने भक्तों को साथ लिया और मृदंग और कर्ताल के साथ गाँव-गाँव घूमने लगे।

कलीयुग के लाभों का वर्णन श्रीमद्भागवत में इस प्रकार किया गया है: "कलेर दोष-निधे राजन्न अस्ति ह्येको महान गुणः कीर्तनाद् एव कृष्णस्य मुक्त-संगः परं व्रजेत्।"कलियुग भले ही दोषों का समुद्र हो, जैसे धोखा, झूठ, आलस्य, हिंसा, अवसाद आदि, लेकिन इस युग की एक महान विशेषता है: केवल हरि नाम का कीर्तन करने से मनुष्य सभी बंधनों से मुक्त होकर परमधाम को प्राप्त कर सकता है। जैसे एक शक्तिशाली राजा असंख्य चोरों को समाप्त कर सकता है, वैसे ही एक अद्वितीय आध्यात्मिक गुण इस युग की समस्त अशुद्धियों को नष्ट कर सकता है। हरे कृष्ण महामंत्र का जप करने का महत्व अनंत है:"हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, हरे हरे, हरे राम, हरे राम, राम राम, हरे हरे।"

(ब) आत्मा तथा परमात्मा से सम्बंधित प्रश्नः-

(1-ब) आत्मा के जितने लक्षण आप जानते हैं, उन्हें लिखिये। समझाइये कि ये लक्षण भौतिक शरीर के लक्षणों से किस प्रकार भिन्न हैं।

उत्तर –

- आत्मा सनातन है
- आत्मा अविनाशी है
- आत्मा का अस्तित्त्व सदैव रहता है।
- आत्मा का आकार है
- आत्मा आश्चर्यजनक है

आत्मा और भौतिक शरीर में तुलना -

आत्मा	भौतिक शरीर
सत् (शाश्वत)	असत् (निरन्तर परिवर्तनशील)
चित् (चेतन, ज्ञानमय)	अचित् (अचेतन, अज्ञानमय)
आनन्दमय	निरानन्द (कष्टों से भरा)
आत्मा का रूप है	शरीर को रूप दिया जाता है
निजी अस्तित्व है	निजी अस्तित्व नहीं है
आध्यात्मिक जगत से सम्बन्धित है	भौतिक जगत से सम्बन्धित है

(2-ब) भगवद्गीता के श्लोक 'देहिनोऽस्मिन्यथा देहे...' जिस प्रकार बद्ध जीवात्मा इस शरीर में निरन्तर अग्रसर होता रहता है, इत्यादि का अभिप्राय पूरी तरह से समझाइये।

उत्तर –

देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति।। 2.13।।

यह श्लोक हमें सिखाता है कि आत्मा अमर है और शरीर बदलते रहते हैं। यह समझ आत्मा के स्थायित्व और शारीरिक परिवर्तनों के प्रति एक धैर्यपूर्ण दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है।
श्रील प्रभुपाद उक्त श्लोक के तात्पर्य में कहते हैं –
“प्रत्येक जीव एक व्यष्टि आत्मा है।वह प्रतिक्षण अपना शरीर बदलता रहता है – कभी बालक के रूप में,कभी युवा तथा कभी वृद्ध पुरुष के रूप में।तो भी आत्मा वही रहता है,उसमे कोई परिवर्तन नहीं होता”।

(3-ब) ईश्वरः सर्वभूतानां सर्वस्य चाहं हृदि सन्निविष्टो और उपद्रष्टानुमन्ता च, इन श्लोकों के सम्बन्ध में परमात्मा का क्या कार्य है? यदि आप संस्कृत श्लोकों को नहीं जानते हैं तो परमात्मा के विषय में समझाते हुये उत्तर दीजिये ।

उत्तर –

- परमात्मा का सर्वप्रथम कार्य है वे सभी जीवात्माओं के हृदय में निवास करते हैं।
- कृष्ण अन्तर्यामी परमात्मा के रूप में हृदय में स्थित होकर जीव को निर्देश देते हैं।
- शरीर परिवर्तन होते हैं जीव अपने विगत कर्मों को भूल जाता है, लेकिन जो परमात्मा भूत,वर्तमान तथा भविष्य के ज्ञाता है, वे जीव के समस्त कार्यों के साक्षी रहते हैं।
- जीवों के सभी कार्यों का संचालन परमात्मा द्वारा ही होता है।
- परमात्मा के आदेश से भौतिक प्रकृति एक विशेष प्रकार के जीव के लिये एक विशेष शरीर का निर्माण करती है, जिससे वह अपनी पूर्व इच्छाओं के अनुसार कर्म कर सके।

(4-ब) किस तरह से परमात्मा प्रत्येक बद्ध जीव के कर्म को नियन्त्रित करता है?

उत्तर - परमात्मा बद्ध जीव के कर्म को नियंत्रित करते हैं इसका अर्थ यह नहीं है कि बद्ध जीव अपने कर्म करने में स्वतंत्र ही नहीं है या वह परतंत्र हो गया।

जैसे – बिजली से संचालित होने वाले यंत्र अनेक तरह के होते हैं। एक ही बिजली से संचालित होने पर भी किसी यंत्र में बर्फ जम जाती है और किसी यंत्र में अग्नि जल जाती है अर्थात् उनमें एक- दूसरे से बिलकुल विरुद्ध काम होता है। परंतु बिजली का यह आग्रह नहीं रहता है कि मैं तो केवल बर्फ ही जमाऊँगी अथवा केवल अग्नि ही जलाऊँगी। यंत्रों का भी ऐसा आग्रह नहीं रहता कि हम तो केवल बर्फ ही जमायेंगे अथवा केवल अग्नि ही जलायेंगे,प्रत्युत यंत्र बनाने वाले कारीगर ने यंत्रों को जैसा बना दिया है, उसके अनुसार उनमें स्वाभाविक ही बर्फ जमती है और अग्नि जलती है। ऐसे ही मनुष्य,पशु,पक्षी,देवता,यक्ष,राक्षस आदि जीतने भी प्राणी हैं,सब शरीररूपी यंत्रों पर चढ़े हुए हैं और उन सभी को परमात्मा नियंत्रित करते हैं।उन अलग – अलग शरीरों में भी जिस शरीर में जैसा स्वभाव है, उस स्वभाव के अनुसार वे ईश्वर से प्रेरणा पाते हैं और कार्य करते हैं। तात्पर्य यह है कि जैसे बिजली यंत्र के स्वभाव के अनुसार ही उसका संचालन करती है,ऐसे ही परमात्मा प्राणी के शरीर में स्थित स्वभाव के अनुसार उसका संचालन करते हैं। जैसा स्वभाव होगा,वैसे ही कर्म होंगे।इसमें एक बात विशेष ध्यान देने की है स्वभाव को सुधारने में और बिगाड़ने में सभी मनुष्य स्वतंत्र हैं।

श्रील प्रभुपाद गीता 18.61 के तात्पर्य में लिखते हैं-

> "अत्यधिक तेज मोटरकार में बैठा व्यक्ति कम तेज कार में बैठे व्यक्ति से अधिक तेज जाता है,भले ही जीव अर्थात् चालक एक ही क्यों न हो। इसी प्रकार परमात्मा के आदेश से भौतिक भौतिक प्रकृति एक विशेष प्रकार के जीव के लिये एक विशेष शरीर का निर्माण करती है, जिससे वह अपनी पूर्व इच्छाओं के अनुसार कर्म कर सके।जीव स्वतंत्र नहीं होता। मनुष्य को यह नहीं सोचना चाहिए कि वह भगवान से स्वतंत्र है। व्यक्ति तो सदैव भगवान के नियंत्रण में रहता है। अतएव उसका कर्तव्य है कि वह शरणागत हो"।

(5-ब) एक वृक्ष पर दो पक्षी हैं, इस उदाहरण को बताइये तथा समझाइये।

उत्तर - "एक वृक्ष पर दो पक्षी" एक उपनिषद् का अंश है, जो जीवन और आत्मा के बीच के संबंध को दर्शाने के लिए एक रूपक के रूप में उपयोग किया जाता है। यह मुंडक उपनिषद् और श्वेताश्वतर उपनिषद् में पाया जाता है।

इस रूपक में, एक ही वृक्ष पर दो पक्षी बैठे होते हैं। एक पक्षी वृक्ष के फल खा रहा होता है, जबकि दूसरा पक्षी बस शांत बैठा उसे देख रहा होता है। इस रूपक में:

1. वृक्ष - संसार (भौतिक जगत) को दर्शाता है।
2. फल खाने वाला पक्षी - जीवात्मा को दर्शाता है, जो कर्म, फल और संसारिक भोग में लिप्त होता है।
3. दूसरा पक्षी - परमात्मा (सर्वोच्च आत्मा या साक्षी रूप में) को दर्शाता है, जो निर्लेप और निष्क्रिय है, केवल साक्षी भाव में स्थित है और संसार के घटनाक्रमों को देखता रहता है।

इस कहानी के माध्यम से यह समझाने का प्रयास किया जाता है कि हमारी आत्मा (जीवात्मा) इस संसार में कर्म और भोग में लिप्त रहती है, लेकिन परमात्मा इन सबसे परे, मात्र साक्षी रूप में रहते हैं।

(स) कृष्ण तथा परम सत्य के बारे में प्रश्नः-

(1-स) कृष्ण कौन हैं? उन्हें क्यों ईश्वर, पुरुष, भगवान्, आदिदेव कहा गया है? कृष्ण की अन्य विशेषताओं के बारे में बताइये? अहं सर्वस्य प्रभवो इस श्लोक के सम्बन्ध में प्रयास कीजिये और उत्तर दीजिये।

उत्तर – कृष्ण का अर्थ है "सर्व आकर्षक"। श्रीभगवान के इस नाम में उनके अन्य सब नाम एवं श्रीभगवान से जुड़ी समस्त धारणाओं एवं विचारों का समावेश है। श्रीमद्भागवतम में भगवान श्रीकृष्ण को ही पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान कहा गया है। उनकी देह सत्-चित्-आनंद (शाश्वत ज्ञान एवं आनंद के भण्डार) से बनी है। उनके शरीर का रंग वर्षा ऋतु के मेघों के समान श्यामल है। उनके सिर पर मोरपंख सजा है और कण्ठ में वैजयंती माला है। उनकी बांसुरी का स्वर इतना मधुर है कि सुनने वाला मन्त्र मुग्ध हो जाता है। ध्यानपूर्वक उनकी बांसुरी का अलौकिक स्वर सुनते हुए मृग उन्मत्त हो जाते हैं, और अन्य पशु, वृक्ष एवं पौधे जड़ बन जाते हैं। यहाँ तक कि देवताओं की पत्नियाँ के चित्त भी विचलित हो जाते हैं। मन्त्र मुग्ध होकर गायें अपने कानों को फैलाकर बांसुरी से बहते अमृत का पान करने लगती हैं। वृन्दावन की गोपियाँ अपने सारे कार्य छोड़ श्रीकृष्ण की ओर दौड़ जाती हैं। इस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण अपने गोलोकधाम में अपने भक्तों के साथ प्रेमभरी लीलाएँ करते हैं।

जब भगवान श्रीकृष्ण अपने सनातन पार्षदों के साथ वृन्दावन की पवित्र भूमि पर अवतरित होते हैं, तो यहाँ वे ये सब लीलाएँ करते हैं।

- श्रीकृष्ण ही पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान हैं। हम ऐसा क्यों कहते हैं? क्योंकि वे उपनिषद् समेत कसौटियों पर खरे उतरते हैं और भगवद्गीता एवं अन्य वैदिक शास्त्रों में इसके भरपूर प्रमाण हैं, जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं:

(क) श्रीकृष्ण प्रत्येक वस्तु के स्त्रोत हैं-

श्रीभगवान की इच्छा के बिना घास की एक पत्ती तक नहीं हिलती। श्रीकृष्ण प्रत्येक वस्तु के स्त्रोत हैं। वे घोषणा करते हैं:
अहं सर्वस्य प्रभवो मत: सर्वं प्रवर्तते।
इति मत्वा भजन्ते मां बुधा भावसमन्विता।।
(भागवद्गीता 10.8)
अनुवाद: "मैं समस्त आध्यात्मिक एवं भौतिक जगतों का स्त्रोत हूं। प्रत्येक वस्तु मुझसे ही उत्पन्न होती है। जो बुद्धिमान मनुष्य इस तथ्य को तात्त्विक रूप से जानता है, वह मेरी भक्ति में संलग्न होता है और अंत:करण से मेरी पूजा करता है।"

सृष्टि के गौण रचियता ब्रह्माजी ब्रह्मसंहिता में कहते हैं:
ईश्वर: परम: कृष्ण: सच्चिदानंद विग्रह:
अनादिरादिरगोविंद: सर्वकारणकारणम्।।
(ब्रह्मसंहिता, श्लोक 1)

अनुवाद: "गोविंद नाम से विख्यात श्रीकृष्ण ही परम ईश्वर हैं। उनकी शाश्वत देह पूर्ण, चिन्मय एवं आनंदमय है। वे प्रत्येक वस्तु के स्रोत हैं और उनका कोई स्रोत नहीं है। वे ही प्रत्येक कारण के मूल कारण हैं।"

(ख) श्रीकृष्ण सर्वोच्च नियंता हैं -

प्रत्येक व्यक्ति भौतिक प्रकृति द्वारा नियंत्रित है। निस्सहाय रूप से प्रत्येक प्राणी जन्म लेता है, अपनी भूमिका निभाता है और अपरिहार्य रूप से नष्ट हो जाता है। परंतु श्रीकृष्ण भौतिक प्रकृति के भी नियंता हैं। भागवद्गीता में वे कहते हैं:

मयाध्यक्षेण प्रकृति: सूयते सचराचरम्।
हेतुनानेन कौन्तेय जगद्विपरिवर्तते।।

"हे कौन्तेय! मेरी देखरेख में कार्य करते हुए यह भौतिक प्रकृति समस्त चराचर प्राणियों का उत्पन्न करती है। इसके नियंत्रण में ही इस सृष्टि का बार-बार सृजन एवं संहार होता है।"

(ग) श्रीकृष्ण प्रत्येक वस्तु के सर्वोच्च स्वामी हैं -

प्रत्येक वस्तु भगवान श्रीकृष्ण की है और उनके भोग हेतु है। हमारा कुछ भी नहीं है, परन्तु जब हम भगवान श्रीकृष्ण की वस्तुओं को भक्तिभाव द्वारा उन्हें अर्पण करते हैं, तो वे प्रसन्न होते हैं। जब एक बालक पिता द्वारा दिए गए जेब खर्च से उपहार लाकर पिता को देता है, तो पिता प्रसन्न होते हैं, क्योंकि यह पिता के प्रति बालक के प्रेम को दर्शाता है। भगवान श्रीकृष्ण भगवद्गीता में शान्तिस्वरूप हैं। भगवान श्रीकृष्ण के स्वामित्व को स्वीकार करके प्रत्येक व्यक्ति सुखी एवं शांत हो सकता है।

(2-स) श्लोक 'ये यथा मां प्रपद्यन्ते' जिस तरह वे मेरे शरणागत होते हैं उसी तरह मैं उन्हें भजता हूँ, का तात्पर्य बताइये।

उत्तर – गीता (4.11) में भगवान श्रीकृष्ण के स्पष्ट वचन हैं – जिसका तात्पर्य है – जो भक्त जिस प्रकार से मेरा आश्रय लेते हैं,मैं उन भक्तों की उसी प्रकार की सेवा करके उन्हें सम्मानित करता हूँ। उक्त श्लोक में श्रीभगवान ने 'भजामि' शब्द का प्रयोग किया है जिसका आशय है श्रीकृष्ण अपने भक्तों के प्रति अपनी सेवा तथा सम्मान की भावना प्रकट करते हैं।

(3-स) जीवन का अन्तिम लक्ष्य या सर्वोच्च पूर्णता क्या है? उसे किस तरह से प्राप्त किया जा सकता है?

उत्तर – जीवन का चरम लक्ष्य भगवद्प्रेम की प्राप्ति है। जिसे प्रयोजन भी कहते हैं, दूसरे शब्दों में श्रीभगवान के धाम में प्रवेश करके उनकी शाश्वत,आनन्दमयी एवं प्रेममय लीलाओं में भाग लेना।यही जीवन की सर्वोच्च लक्ष्य एवं पूर्णता है। इससे श्रेष्ठ अन्य कुछ भी प्राप्य नहीं है। और लक्ष्य को केवल श्रीभगवान की विशुद्ध भक्ति के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है।

(4-स) कृष्ण और विष्णु के व्यक्तिगत रूपों के क्या लक्षण हैं?

उत्तर –

- आध्यात्मिक जगत वैकुण्ठ में असीमित आध्यात्मिक लोक हैं, जिनका आकार कल्पना से परे अत्यंत विशाल है। उन्हें वैकुण्ठलोक कहा जाता है।
- उनमें गोलोक वृन्दावन अथवा कृष्णलोक सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण है, जहाँ श्रीकृष्ण बाँसुरी बजाते हुए अपने द्विभुज रूप में निवास करते हैं।
- श्रीकृष्ण असंख्य चतुर्भुज नारायण रूप में अपना विस्तार करते हैं और उनमें से प्रत्येक नारायण रूप प्रत्येक वैकुण्ठलोक में निवास करता है।
- जहाँ तक भौतिक सृष्टि से व्यवहार का प्रश्न आता है, आदि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं प्रत्यक्ष रूप से यह कार्य नहीं करते।
- भौतिक सृष्टि के साथ व्यवहार हेतु वे विभिन्न श्रीविष्णु रूपों में अपना विस्तार करते हैं। ये श्रीविष्णु रूप भौतिक सृष्टि का कार्यभार देखते हैं।
- वस्तुतः ये श्रीविष्णु रूप श्रीकृष्ण से अभिन्न हैं और एक दृष्टि से श्रीकृष्ण के "कार्यालय" वाले रूप हैं।
- सृष्टि का सृजन, पालन एवं संहार "आधिकारिक" कार्य के समान है और उन्हें श्रीकृष्ण अपने श्रीविष्णु रूपों के माध्यम से सम्पन्न करते हैं।

(5-स) भगवान् के दश अवतारों के लक्षण यथा सम्भव अधिक से अधिक समझाइये। भगवान् के कुल कितने अवतार हैं? भगवान् के अवतारों के विभिन्न प्रकारों को समझाइये।

उत्तर – भगवान श्रीकृष्ण के प्रमुख दश अवतार हैं –

1. मत्स्य
2. कूर्म
3. वराह
4. नरसिंह देव
5. वामनदेव
6. परशुराम
7. श्रीरामचन्द्र
8. बलराम
9. बुद्ध
10. कल्कि

- समय – समय श्रीभगवान के उपरोक्त अवतार वैकुण्ठ से इस भौतिक जगत में अवतरित होते हैं। तब उन्हें अवतारों का नाम दिया जाता है।
- हमें समझना होगा कि ये अवतार पूर्णतः चिन्मय होते हैं और स्वयं भगवान श्रीकृष्ण से अभिन्न हैं।मूर्ख अज्ञानी लोग सदैव श्रीभगवान के इन अवतारों को इस संसार के साधारण व्यक्ति मान बैठते हैं, क्योंकि कई बार ये अवतार इस प्रकार कार्य करते हैं मानो वे इसी संसार के लोगों जैसे हैं।

श्रीभगवान के अवतारों के प्रकार –

भगवान श्रीकृष्ण के 6 प्रकार के अवतार होतें हैं –

1. पुरुषावतार
2. गुणावतार
3. लीलावतार
4. शक्त्यावेश अवतार
5. मन्वन्तर अवतार
6. युगावतार

(6-स) पञ्चतत्त्व का वर्णन कीजिये। वे कौन हैं और वे कृष्णलीला में क्या हैं?

उत्तर – पंचतत्व –

श्रीकृष्ण चैतन्य प्रभु नित्यानन्द, श्रीअद्वैत गदाधर श्रीवासादि गौर भक्तवृन्द

पंचतत्व	कृष्ण लीला
श्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु	स्वयं भगवान श्रीकृष्ण
श्रीनित्यानन्द	श्रीबलराम
श्रीअद्वैत आचार्य	महाविष्णु तथा सदाशिव
श्रीगदाधर पंडित	श्रीमति राधारानी
श्रीवास पंडित	श्रीनारद मुनि

(7-स) भगवान् के वास्तविक अवतार के लक्षण क्या हैं? तथा उस बदमाश के क्या लक्षण हैं जो अपने आपको भगवान् कहता है? हम उसे किस तरह से चुनौती दे सकते हैं कि वह सिद्ध करे कि वह भगवान् है?

उत्तर –

- आजकल अनेक आडंबरी लोग श्रीभगवान का अवतार होने का दावा करते हैं और आध्यात्मिक सत्य से अनजान अनेक अबोध लोगों को ठगते हैं। इससे समाज में अनेक उत्पात उठ खड़े हुए हैं। इसलिए लोगों को ज्ञान होना चाहिए कि असली अवतार को कैसे पहचाना जाए। अवतार में निम्नलिखित लक्षण होने आवश्यक हैं, अन्यथा हमें उस व्यक्ति को केवल आडंबरी समझना चाहिए।
    1. शास्त्रों में उसकी भविष्यवाणी होनी चाहिये। (उदाहरण – कलियुग के अंत में भगवान कल्कि की भविष्यवाणी की गई है।
    2. उसे अपने विराट रूप का दर्शन करवाना चाहिए। (जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को करवाया थ।)
    3. उसे सामान्य मनुष्य के लिए असंभव असाधारण कार्य करने चाहिए। (जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर किया)
    4. उसका कुछ विशिष्ट ध्येय एवं संदेश होना चाहिए। (उदाहरण – श्रीचैतन्य महाप्रभु कलियुग के युगधर्म हरिनाम संकीर्तन की स्थापना हेतु आये)

5. उसके शरीर पर शास्त्रों में वर्णित कुछ विशेष चिह्न होने चाहिए। (उदाहरण के लिए, हथेली और पैरों के तलवों पर)

(8-स) परम सत्य की तीन अभिव्यक्तियों का वर्णन कीजिये और विशिष्ट यौगिक पद्धति का भी वर्णन कीजिये जिसके द्वारा प्रत्येक अभिव्यक्ति की अनुभूति की जा सकती है।

उत्तर - वेदिक शास्त्र के अनुसार परम सत्य के तीन पहलू हैं:-

1. उनका व्यक्तिगत रूप श्रीभगवान, जो प्रत्येक वस्त्र के स्त्रोत हैं तथा शाश्वत आनन्द एवं ज्ञान के भंडार हैं। वे श्रीकृष्ण नाम से जाने जाते हैं। उनके अनेक नाम हैं, जैसे नंदनंदन, गोपिजानवल्लभ, द्वारकाधीश इत्यादि।
2. परमात्मा, जो प्रत्येक जीवात्मा के हृदय में निवास करते हैं। वे जीवात्मा के समस्त कार्यों के साक्षी हैं और परम गति की ओर उसका मार्गदर्शन करते हैं।
3. निराकार ब्रह्म, यह भगवान श्रीकृष्ण के नियामय शरीर से आने वाली—अंगकान्ति है। श्रीभगवान में लीन होने के इच्छुक योगिजन श्रीभगवान के इसी निराकार पहलू पर ध्यान करते हैं।

श्रीमद्भागवत में श्रील सूत गोस्वामी इसकी पुष्टि करते हैं:

वदन्ति तत् त्वविधस्तत्वं यज्ज्ञानमद्वयम्।
ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्द्यते॥

(श्रीमद्भागवत 1.2.11)

अनुवाद: "विद्वान अध्यात्मवादी अद्वय परम सत्य को ब्रह्म, परमात्मा एवं श्रीभगवान नाम से जानते हैं।"

- ज्ञानी मार्ग के उपासक – निराकार ब्रह्म का अनुभव करते हैं
- योगिजन – परमात्मा का अनुभव करते हैं
- भक्तियोगी – श्रीभगवान का अनुभव करते हैं।

(9-स) तीन साक्षात्कारों अर्थात् परमात्मा भगवान् या ब्रह्म में से कौन सर्वाधिक पूर्ण है? आज के लिये आत्मज्ञान का कौन सा मार्ग सर्वाधिक उपयुक्त है?

उत्तर - परम सत्य के ये तीनों पहलू एक साथ अस्तित्व में रहते हैं और इनमें कोई परस्पर विरोधाभास नहीं है। परन्तु परम सत्य का श्रीभगवान पहलू सर्वोच्च साक्षात्कार है।

इसे एक उदाहरण की सहायता से समझा जा सकता है।

- सूर्य के तीन पहलू होते हैं - सूर्यप्रकाश, सूर्यलोक तथा सूर्य देवता।
- सूर्यप्रकाश (ब्रह्म), सूर्यलोक (परमात्मा), सूर्यदेव (भगवान)

इन तीनों का अस्तित्व एक साथ रहता है और एक दृष्टि से देखा जाए तो ये तीनों एक ही हैं। जैसे सूर्यकिरण सूर्यमंडल से आती है और सूर्यलोक में सूर्यदेव निवास करते हैं। हो सकता है हम सूर्यदेव

दिखाई न दें, परंतु यदि हम सूर्यलोक पर जाएँगे तो हम देख सकते हैं कि किस प्रकार सूर्यदेव, सूर्यलोक एवं सूर्यकिरण नियन्त्रित की जाती हैं।
इसी प्रकार यदि हमें श्रीभगवान दिखाई नहीं देते, तथापि परम सत्य सर्वत्र एवं सदा पहले उनके ऊपर ही आसीत है।

- निराकार ब्रह्म परम सत्य विवेक का ज्ञान का पहला सोपान है।
- यदि प्रगाढ़ करने पर साधक प्रत्येक जीवात्मा के हृदय में स्थिर परमात्मा को देखना लगता है।
- अंततः वह इस समझ पर पहुँचता है कि पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण ही ब्रह्म और परमानंद के स्त्रोत हैं।

जिस प्रकार सूर्य को केवल सूर्य की किरणें मान लेना ग़लत नहीं केवल अधूरा ज्ञान है, उसी प्रकार परम सत्य को केवल निराकार मान लेना ग़लत नहीं अधूरा ज्ञान है।
परम सत्य को केवल निराकार ब्रह्म रूप में समझने वाला व्यक्ति सत्य के अन्य रूपों को नहीं जान सकता। परंतु, श्रीभगवान को समझने वाला व्यक्ति परमात्मा को भी जान सकता है। सर्वज्ञ ज्ञान होने के कारण उस ज्ञान में अन्य दो निम्न स्तरों का ज्ञान समाहित हो जाता है। दूसरे शब्दों में, उसका ज्ञान पूर्ण होता है।
इसलिए हमें समझना चाहिए कि मूलतः परम सत्य परम पुरुष श्रीभगवान हैं और उनके अन्य दो गौण पहलू भी हैं।
भगवदगीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं:-

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकान्तिकस्य च।।
(भगवदगीता 14.27)

अनुवाद: “और मैं ही परम ब्रह्म की मूल सत्ता, अमृतत्व, अव्ययता तथा शाश्वत नित्यधर्म और एकान्तिक ब्रह्मजीवन का आधार हूँ।”

1-द) शिष्य परम्परा क्या है? और यह क्यों महत्वपूर्ण है? हमारे सम्प्रदाय का क्या नाम है? तथा दूसरे वैष्णव सम्प्रदायों के क्या नाम हैं? यदि हो सके, तो सम्प्रदायों के प्रमुख आचार्यों के नाम बताइये।

उत्तर - श्रील भक्ति विनोद ठाकुर जी अपने ग्रंथ जैव धर्म में वर्णन करते हैं - संसार में अधिकतर लोग मायावाद का आश्रयकर भक्तिपथ से रहित कुपथ पर चलते हैं। यदि शुद्ध भक्तो का कोई अलग सम्प्रदाय न हो तो सत्संग मिलना दुर्लभ हो जायेगा।

- इसलिये पद्मपुराण में कहा गया है –

सम्प्रदाय विहीना ये मन्त्रास्ते विफला मताः
अतः कलौ भविष्यन्ति चत्वारः सम्प्रदायिनः ।
श्री ब्रह्मा रुद्रसनका वैष्णवा: सितिपावनाः ।
चत्वारस्ते कलौ भाव्या युक्तले पुरुषमोन्तमात् ।

रामानुषं श्री: स्वीचक्रे मध्वाचार्य: चतुर्मुख :
श्री विष्णुस्वामिनं रुद्रो निम्बादित्यं चतुःसन।

- इन सम्प्रदायों में वेद आदि ग्रन्थ प्राचीनकाल से जिस रूपमें है, उसमें कुछ परिवर्तन अथवा अंश प्रक्षिप्त होने की सम्भावना नहीं है। अत: इन ग्रन्थो में संदेह की आवश्यकता नहीं है। साधु-संतों में सह सम्प्रदाय की व्यवस्था प्राचीन काल से चली आ रही है। इनमें से ब्रह्म-सम्प्रदाय सबसे प्राचीन है।
- (ISKCON) जिसे हम अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ के नाम से जानते हैं वह ब्रह्म - संप्रदाय के अन्तर्गत है।
- वैष्णव सम्प्रदाय अर्थात् भगवान श्रीकृष्ण से चली आ रही विशुद्ध शिष्य - परंपरा और ये प्रामाणिक वैष्णव- संप्रदाय कुल 4 हैं –
    1. श्री सम्प्रदाय – कलियुग में प्रथम आचार्य हुए श्रीपाद रामानुजाचार्य
    2. ब्रह्म सम्प्रदाय – कलियुग में प्रथम आचार्य हुए श्रीपाद मध्वाचार्य
    3. रुद्र सम्प्रदाय – कलियुग में प्रथम आचार्य हुए श्रीपाद विष्णुस्वामी
    4. कुमार सम्प्रदाय - कलियुग में प्रथम आचार्य हुए श्रीपाद निबादित्याचार्य

(2-द) हमारे सम्प्रदाय में जगन्नाथ दास बाबाजी से अबतक के आचार्यों के नाम बताइये। अगर हो सके, तो चैतन्य महाप्रभु से अबतक के आचार्यों के नाम बताइए। तथा कृष्ण से मध्वाचार्य तक के आचार्यों के नाम बताइए।

उत्तर –

जगन्नाथ दास बाबाजी से अबतक के आचार्यों के नाम –

1. श्रील गौर किशोर दास बाबाजी महाराज
2. श्रील भक्ति विनोद ठाकुर
3. श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती ठाकुर प्रभुपाद
4. श्रील ए .सी भक्ति वेदान्त स्वामी प्रभुपाद

चैतन्य महाप्रभु से अबतक के आचार्यों के नाम –

1. श्री चैतन्य महाप्रभु
2. श्रील रूप गोस्वामी , श्रील सनातन गोस्वामी
3. श्रील रघुनाथ दास गोस्वामी , श्रील जीव गोस्वामी
4. श्रील कृष्णदास कविराज गोस्वामी
5. श्रील नरोत्तम दास ठाकुर
6. श्री विश्वनाथ चक्रवर्ती ठाकुर
7. श्रील बलदेव विद्या भूषण
8. श्रील जगन्नाथ दास बाबा जी महाराज
9. श्रील गौर किशोर दास बाबाजी महाराज
10. श्रील भक्ति विनोद ठाकुर

11. श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती ठाकुर प्रभुपाद
12. श्रील ए .सी भक्ति वेदान्त स्वामी प्रभुपाद

कृष्ण से मध्वाचार्य तक के आचार्यों के नाम –

1. भगवान श्रीकृष्ण
2. श्री ब्रह्मा
3. श्री नारद
4. श्रील वेद व्यास
5. श्रीपाद मध्वाचार्य

(३-द) तद्विधि प्रणीपातेन , सत्य को सीखने का प्रयास करो- इस श्लोक का तात्पर्य क्या है?

उत्तर – गीता (4.34) श्रीभगवान द्वारा ये वचन कहा गया है – जिसका तात्पर्य है कि आत्म साक्षात्कार का मार्ग बहुत कठिन है इसलिए श्रीभगवान का उपदेश है की जो व्यक्ति वास्तविक रूप में आध्यात्मिक जीवन की प्रगति करना चाहता है ऐसे गंभीर साधक को एक प्रामाणिक गुरु की शरण ग्रहण करनी चाहिए।

- एक प्रामाणिक गुरु स्वभाव से दयालु होता है
- इसलिए शिष्य का कर्तव्य है कि न केवल गुरु से विनीत होकर सुने, अपितु विनीत भाव तथा सेवा और जिज्ञासा द्वारा गुरु से स्पष्ट ज्ञान प्राप्त करें।
- कोई भी व्यक्ति अपनी निजी विधि का निर्माण करके स्वरूप सिद्ध नहीं बन सकता, इसलिए श्रीभगवान का उपदेश है कि एक तत्व दर्शी गुरु की शरण ग्रहण की जाय।

(४-द) दीक्षा गुरु, शिक्षा गुरु, और पथ -प्रदर्शक गुरु क्या हैं? उपर्युक्त गुरुओं के प्रति विभिन्न व्यवहारों में क्या अंतर है?

उत्तर –

- **शिक्षा गुरु-** अनेक श्रवण गुरुओं में से अपने भावों के अनुकूल जो भजन शिक्षा देते हैं, उन्हें शिक्षा गुरु कहते हैं। शिक्षा गुरु भी अनेक हो सकते हैं। शिक्षा गुरु और श्रवण गुरु प्राय: एक ही होते हैं।
- **दीक्षा गुरु -** जो पाञ्चरात्रिक-विधि के अनुसार उपासना का मंत्र प्रदान करते हैं। दीक्षा गुरु में सद्गुरु के समस्त लक्षण होने चाहिए। वह वेदों के तात्पर्य-निर्णय में पारंगत, कुशल वक्ता, भगवान् की प्रत्यक्ष अनुभूतिसे युक्त, विषयोंसे विरक्त आदि गुणोंसे युक्त होना चाहिए।
- दीक्षा गुरु एक ही होते हैं, प्रामाणिक दीक्षा- गुरु का त्याग कभी नहीं किया जा सकता। जैसे – विवाह जीवन में एक ही बार होता है उसी प्रकार प्रामाणिक दीक्षा गुरु का वरण भी जीवन में एक ही बार होता है।
- **पथ – प्रदर्शक गुरु –** पथ – प्रदर्शक गुरु कोई भी हो सकता है वो भक्त भी हो सकता है और अभक्त भी। जैसे – बिल्वमंगल ठाकुर के जीवन में चिंतामणि वैश्या। जो जाने -अनजाने में

हमें एक प्रामाणिक गुरु या संस्था की जानकारी देता है, जैसे- राह चलते हुए किसी व्यक्ति ने बोल दिया ISKCON मन्दिर बहुत अच्छी जगह है आप वहाँ ज़ाया करो उसके कहने पर हम ISKCON मन्दिर आने लगे और अच्छे से जुड़ गये तो वह अनजान व्यक्ति भी हमारा पथ प्रदर्शक गुरु कहलाएगा।

(५-द) 'संस्थापक आचार्य' इन शब्दों में विशेष भाव क्या है? श्रील प्रभुपाद का इस्कॉन भक्तों से क्या रिश्ता है?

उत्तर – 'संस्थापक' का अर्थ होता है 'स्थापना करने वाला' और 'आचार्य' का अर्थ होता है 'गुरु' और 'शिक्षक' इस प्रकार 'संस्थापक आचार्य' वह होता है जिसने किसी संस्था, सम्प्रदाय या संगठन की नींव रखी हो और जो उस संस्था के मुख्य गुरु या मार्गदर्शक हों।

- श्रील प्रभुपाद जी ISKCON संस्था के 'संस्थापक आचार्य' हैं।
- श्रील प्रभुपाद जी का ISKCON के भक्तों से शिक्षा- गुरु का रिश्ता है।

(६-द) वर्णन कीजिये किस तरह से श्रील प्रभुपाद विदेश गये और वहाँ कैसे कृष्णभावनामृत आन्दोलन चालू किया?

उत्तर – श्रील प्रभुपाद जी, जिन्हें ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के नाम से भी जाना जाता है, ने इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस) की स्थापना 1966 में न्यूयॉर्क शहर में की। उनकी इस यात्रा की शुरुआत कुछ महत्वपूर्ण चरणों और सिद्धांतों पर आधारित थी:

1. **भारत से पश्चिम की ओर यात्रा:** 1965 में, 69 वर्ष की आयु में, श्रील प्रभुपाद ने "जलदूता" नामक मालवाहक जहाज से भारत से अमेरिका की यात्रा की। वे बहुत कम धन के साथ न्यूयॉर्क पहुंचे और वहां उन्होंने वैदिक ज्ञान के प्रचार की शुरुआत की।
2. **वैदिक ज्ञान का प्रचार:** प्रभुपाद जी का मुख्य उद्देश्य भगवद गीता और श्रीमद् भागवतम के संदेश को पश्चिमी देशों में फैलाना था। उन्होंने भक्ति योग की शिक्षा दी और बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ही सर्वोच्च भगवान हैं। उनकी शिक्षाएं मुख्य रूप से वैदिक ग्रंथों पर आधारित थीं।
3. **इस भक्तिपूर्ण जीवनशैली को अपनाना:** श्रील प्रभुपाद ने लोगों को कृष्ण भक्ति से जुड़ने के लिए चार प्रमुख नियमों का पालन करने पर जोर दिया:
    - मांसाहार का त्याग
    - नशीले पदार्थों का त्याग
    - जुआ खेलने से परहेज
    - अवैध यौन संबंधों से दूर रहना
4. **संकीर्तन आंदोलन:** प्रभुपाद ने हरिनाम संकीर्तन (कृष्ण के नाम का जप और कीर्तन) को प्रचार का मुख्य माध्यम बनाया। उन्होंने यह संदेश दिया कि कृष्ण के नाम का जप करने से ही कलियुग में भगवद्प्राप्ति किया जा सकता है।

5. **संस्था की स्थापना:** 1966 में, उन्होंने न्यूयॉर्क में इस्कॉन की स्थापना की। इसके बाद उन्होंने दुनिया के अन्य देशों में भी इस्कॉन के मंदिर और केंद्र स्थापित किए। उनकी शिक्षाओं और भक्तिपूर्ण जीवनशैली के कारण बड़ी संख्या में पश्चिमी लोग इस्कॉन से जुड़े।

6. **पुस्तकों का प्रकाशन:** प्रभुपाद जी ने संस्कृत वैदिक ग्रंथों का अनुवाद और व्याख्या करके उन्हें अंग्रेज़ी में प्रकाशित किया। उनकी पुस्तकें "भगवद-गीता यथारूप", "श्रीमद भागवतम", और अन्य ग्रंथ आज भी इस्कॉन के अनुयायियों के लिए मुख्य धार्मिक पुस्तकें हैं।

7. **वैश्विक आंदोलन:** उनके प्रयासों के कारण इस्कॉन एक वैश्विक आंदोलन बन गया, जिसमें हजारों अनुयायी और सैकड़ों मंदिर शामिल हैं। उनका संदेश था कि किसी भी जाति, धर्म, या संस्कृति के व्यक्ति कृष्ण भक्ति से जुड़ सकते हैं और आत्म-साक्षात्कार प्राप्त कर सकते हैं।

(३) कृष्णभावनामृत से सम्बन्धित:
